# प्रेस नोट दिनांक 29.12.2024

**थाना मुगलसराय, जनपद चन्दौली**

**□□थाना मुगलसराय व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम के संयुक्त कार्यवाही में 48 घण्टे के अन्दर हत्या का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**पूर्व की घटना-** दिनांक 27.12.2024 को वादी गोविन्द कुमार पुत्र स्वर्गीय बाल मुकुन्द मौर्या ग्राम डिग्धी थाना अलीनगर चन्दौली हाल पता चतुर्भुजपुर रोड काली महाल थाना मुगलसराय चन्दौली के द्वारा बताया गया कि भोर मे समय करिब 03.00 बजे से 04.00 बजे के बीच मेरी माँ हीरावत्ती देवी उम्र करिब 65 वर्ष को उनके चतुर्भजपुर रोड काली महाल स्थित नाले के किनारे की झोपडी मे किसी अज्ञात आदमी द्वारा सिर कुच कर हत्या कर दी है। वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 519/2024 धारा 103(1), 311 बी एन एस में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**चन्दौली-** पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवम् जुर्म जरायम के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह थाना मुगलसराय के नेतृत्व में थाना मुगलसराय व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 519/24 धारा 103(1),311 बी.एन.एस के अनावरण में थाना मुगलसराय स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी में दिखाई दिये संदिग्ध व्यक्ति की तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.12.2024 को समय करीब 12.07 बजे कालीमहाल चौराहा अभियुक्त हिमांशु गुप्ता पुत्र बुल्लू गुप्ता निवासी काली महाल चौराहा थाना मुगलसराय चन्दौली उम्र 20 वर्ष को घर से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

**पुलिस कार्यवाही-** घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी में दिखाई दिये संदिग्ध व्यक्ति की तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर द्वारा बताया गया कि जो सी0सी0टी0वी0 कैमरे का वीडियो आपने हमें दिया था उसमें जो आदमी दिखाई दे रहा है, वह हिमान्शु गुप्ता पुत्र बुल्लू गुप्ता नि0 कालीमहाल चौराहा थाना मुगलसराय चन्दौली है। जिसके घर पर कैमरा लगा है। यदि आप चाहें तो उसके घर जाकर जानकारी कर सकते हैं। इस सूचना पर मुगलसराय पुलिस टीम तत्काल मय मुखबीर को साथ लेकर कालीमहाल चौराहे पर आये, मुखबीर ने इशारा कर बताया कि यहीं मकान है। पुलिस टीम उसके दरवाजे पर गयी जहाँ पर बाहर दरवाजे पर एक व्यक्ति बैठा मिला जो कि सफेद काला चेकदार मुफलर व  हलके आसमानी रंग की हुड्डी वाला टी शर्ट पहने है जिस पर अंग्रेजी में BALENCIAGA लिखा है तथा इसके टी शर्ट पर खून के दाग लगे हुए हैं,इसी टी शर्ट को पहना व्यक्ति घटनास्थल पर संदिग्द्ध के रूप में मृतका के कमरे में गया है और करीब 20 मिनट तक कमरे के अन्दर रहा और निकलते वक्त अपना मुंह छिपा कर कैमरे के सामने झुक कर भागते हुए दिखाई दिया था।

जिससे कडाई से पूछताछ की गयी और सी0सी0टी0वी0 कैमरे का फुटेज दिखा कर कि मृतका के कमरे में यह कौन गया है और ये तुम्हारे कपडे/टी शर्ट पर खून के दाग कैसे लगे हैं तो उसने बताया कि यह टी शर्ट मेरी हीं है और हीरावती देवी की हत्या उनके टीन शेड के अन्दर जाकर कमरे में मैने हीं किया है, हत्या करने का कारण पूछा गया तो बताया कि मैं बहुत नशे में था और रात को जब नशा कम होने लगा तो मैं और शराब पीना चाहा जिसके लिए मैं कालीमहाल चतुर्भुजपुर रोड देशी शराब के ठेका के सामने हीरावती देवी के टीन शेड में गया मैने उनसे चिखना व शराब मांगा तो उसने शराब देने से मना कर दिया और कहा कि मैं शराब नहीं बेचती हूँ। इस बात पर मुझे गुस्सा आ गयी और मैने उसे गाली देना शुरू कर दिया तो वह भी मुझे गाली देने लगी और कमरे में रखे लोहे का राड (मुसली जैसा) को उठा कर मुझे मारना चाही तो मुझे बहुत गुस्सा आ गया और मैने उसका लोहे का राड छीन कर उसी से हीरावती को कई बार उसके सिर पर मारा जिससे वह जमीन पर गिर गयी तब मैं वहाँ से बाहर निकल कर अपना मुंह ढकते हुए सामने गली के रास्ते भाग गया। अभियुक्त द्वारा हत्या की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर अवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**नाम पता अभियुक्त-**

हिमांशु गुप्ता पुत्र बुल्लू गुप्ता  निवासी काली महाल चौराहा  थाना मुगलसराय चन्दौली उम्र 20वर्ष

**पंजीकृत अभियोग-**

1.मु0अ0स0 519/24 धारा 103 (1), 311 बी एन एस थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 लोहे की रॉड
2. सफेद काला चेकदार मुफलर
3. खून के दाग लगे हलके आसमानी रंग की हुड्डी वाला टी शर्ट

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
2. उ0नि0 आशीष मिश्रा प्रभारी स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
3. उ0नि0 अजय कुमार थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
4. उ0नि0 हेमन्त यादव थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
5. उ0नि0 अभिषेक शुक्ला थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
6. उ0नि0 सुबाष प्रसाद थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
7. उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
8. हे0का0 विजय कुमार थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
9. हे0का0 सन्तोष शाह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
10. हे0का0 मन्टू सिंह स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
11. हे0का0 आनन्द सिंह स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
12. हे0का0 विजेन्द्र कुमार सिंह स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
13. हे0का0 राजेश कुमार यादव स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
14. हे0का0 रामानन्द यादव स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
15. हे0का0 अरविन्द कुमार स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
16. का0 धर्मराज थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

17. का0 नीरज कुमार मिश्रा स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
18. का0 अजीत कुमार सिंह स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
19. का0 गणेश तिवारी स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
20. का0 संदीप कुमार स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली
21. का0 मनोज कुमार यादव स्वाट/सर्विलांस जनपद चन्दौली